माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड, ननूरखेडा, तपोवन, देहरादून।

पत्रांक–सेवा–2/अराज0/ 17205-06/2017–18 दिनांक 8 सितम्बर, 2017

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग हरिद्वार से प्रवक्ता संवर्ग सामान्य शाखा के अन्तर्गत **प्रवक्ता हिन्दी, अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, अर्थशास्त्र व इतिहास** में औपबन्धन समाप्ति के उपरान्त नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों की चयन संस्तुति प्राप्त हुई है, जिनके शैक्षिक व अन्य प्रमाण पत्रों के सत्यापन/मिलान एवं काउन्सिलिंग के माध्यम से नियुक्ति हेतु विद्यालयों के विकल्प चयन हेतु **दिनांक 20 सितम्बर, 2017 की तिथि** निर्धारित की गयी है।

अतः संबंधित अभ्यर्थी अपने शैक्षिक व अन्य प्रमाण पत्रों के सत्यापन/मिलान एवं काउन्सिलिंग हेतु **उक्तवत् निर्धारित तिथियों को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड ननूरखेड़ा देहरादून में** प्रातः 10:00 बजे निम्नलिखित अभिलेखों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें–

1. समस्त शैक्षिक/प्रशिक्षण संबंधी अंकपत्र एवं प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं शैक्षिक/प्रशिक्षण संबंधी अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की राज पत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित एक–एक छायाप्रति।
2. आरक्षण/निःशक्तता, यदि कोई हो, से संबंधित मूल प्रमाण पत्र एवं उनकी एक–एक सत्यापित छायाप्रति।
3. राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत दो चरित्र प्रमाण पत्र (जो 06 माह से अनधिक समय से पूर्व निर्गत न हो)।
4. राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साइज की दो फोटोग्राफ।

संबंधित अभ्यर्थियों की विषयवार सूची विभाग की वेबसाईट **www.schooleducation.uk.gov.in** पर अपलोड कर दी गयी है। काउन्सिलिंग में अनुपस्थित अभ्यर्थियों की नियुक्ति उनके शैक्षिक व अन्य प्रमाण पत्रों के सत्यापन के उपरान्त ही की जा सकेगी।

इसके अतिरिक्त पूर्व में कतिपय विषयों में काउन्सिलिंग में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को उनके शैक्षिक व अन्य प्रमाण पत्रों के सत्यापन न हो पाने के कारण नियुक्ति प्रदान नहीं की जा सकी है, वे भी उक्त निर्धारित तिथि को अभिलेखों के सत्यापन/मिलान हेतु काउन्सिलिंग में उपस्थित होना सुनिश्चित करें, अन्यथा यह समझ लिया जायेगा कि वे नियुक्ति के इच्छुक नहीं हैं तथा उनका संबंधित विषय में चयन निरस्त करने हेतु आयोग को भेज दिया जायेगा।

अपर निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड

पृ0सं0– सेवा–2/अराज0/17205-06/2016–17 दिनांक 8 सितम्बर, 2017

प्रतिलिपि– सम्पादक, **अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान** को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को **दिनांक 9 सितम्बर, 2017** के उत्तराखण्ड संस्करण में, जिसका राज्य के दोनो मण्डलों में व्यापक प्रचार–प्रसार हो, डी0ए0वी0पी0 दरों पर **10x10** वर्गसेमी0 में प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा भुगतान हेतु बिल दो प्रतियों में निदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

8/9/17
(रामकृष्ण उनियाल)
अपर निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड